# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

## Ch. Charan Singh University, Meerut


पत्रांकः– पी०ए० / 2688

दिनांक : 15.05.2020

### कार्यालय आदेश

उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या–1014 / सत्तर–3–2020–8(23) / 2020 दिनांक 12 मई, 2020 जो कि उच्च शिक्षा विभाग द्वारा ई–कन्टेन्टस पोर्टल विकसित किये जाने के सम्बन्ध में है, के आलोक में मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार विश्वविद्यालय / महाविद्यालयों के शिक्षकों द्वारा तैयार किये गये ई–कन्टेन्ट्स की महता / उपयोगिता की परक हेतु निम्नलिखित सदस्यों की समिति का गठन किया जाता है :–

01. प्रो0 वाई0विमला, प्रति–कुलपति, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ।
02. प्रो0 मृदुल कुमार गुप्ता, संकायाध्यक्ष विज्ञान, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ।
03. प्रो0 जयमाला, निदेशक, एस0सी0आर0आई0ई0टी0,मेरठ।
04. प्रो0 वाई0 सिंह, संकायाध्यक्ष कला, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ।

अतः मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार समिति के सदस्यों से अनुरोध है कि आप शासन के संलग्न पत्र के आलोक में आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

संलग्नकः– उपरोक्तानुसार ।

भवदीय,

कुलसचिव

प्रतिलिपि :–

01 सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
02 प्रति–कुलपति, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ।
03 समिति के समस्त सदस्यों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
04 समस्त विभागाध्यक्ष / समन्वयक / निदेशक, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, परिसर, मेरठ को सूचनार्थ प्रेषित।
05 प्राचार्य / प्राचार्या / सचिव / निदेशक, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थान, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ को सूचनार्थ प्रेषित।
06 प्रेस प्रवक्ता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ।
07 प्रभारी वेबसाइट, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ।

15-05-2020

कुलसचिव

संख्या : 1014 / सत्तर–3–2020–8(23)/2020

प्रेषक,

मोनिका एस0 गर्ग,
प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. निदेशक,
   उच्च शिक्षा
   उ0प्र0 प्रयागराज।

2. कुलसचिव,
   समस्त राज्य एवं निजी विश्वविद्यालय,
   उत्तर प्रदेश।

3. कुलपति,
   समस्त निजी विश्वविद्यालय,
   उत्तर प्रदेश।

उच्च शिक्षा अनुभाग–3

लखनऊ : दिनांक 12 मई, 2020

विषय : उच्च शिक्षा विभाग द्वारा ई–कन्टेन्ट्स पोर्टल विकसित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

सूच्य है कि शासनादेश संख्या–969/सत्तर–3–2020–8(30)/2020 दिनांक 30 अप्रैल, 2020 के क्रम में शैक्षिक गतिविधियों को सुगम बनाये रखने उद्देश्य से राज्य के दो हजार से भी अधिक शिक्षकों द्वारा सराहनीय योगदान देते हुए विभिन्न विषयों के 10,000 से अधिक ई–कन्टेन्ट्स की सूची उपलब्ध करायी गयी है। इनमें राज्य विश्वविद्यालयों द्वारा उपलब्ध कराये गये लगभग 2200, निजी विश्वविद्यालयों द्वारा उपलब्ध कराये गये 4200, राजकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के 1800 और निजी महाविद्यालयों के 1900 कन्टेन्ट्स शामिल है। अभियांत्रिकी, विज्ञान, प्रबन्ध, विधि, वाणिज्य और कला के आलावा पैरा मेडिकल, कृषि विज्ञान, नर्सिंग, वास्तुकला, शिक्षा शास्त्र, शारीरिक शिक्षा आदि से सम्बन्धित कन्टेन्ट्स इनमें सम्मिलित हैं। लगभग 2280 शिक्षकों ने प्रवेश स्तर पर स्थानीय भाषा में इस प्रकार के ई–कन्टेन्ट्स विकसित करके प्रदेश के छात्रों के हित के लिए प्रशंसनीय कार्य किया है। आशा है कि सम्बन्धित संस्थान के डीन/विभागाध्यक्ष द्वारा इन ई–कन्टेन्ट्स की उपयोगिता एवं महत्ता की परख करने के बाद यह सूची उपलब्ध करायी गयी होगी।

2. उक्त के क्रम में सूचित करना है कि केन्द्रीयकृत ई-पोर्टल का विकास उच्च शिक्षा विभाग द्वारा एन०आई०सी० के सहयोग से किया जा रहा है। पोर्टल विकसित होने पर संस्थानों से अनुरोध किया जायेगा कि जो शिक्षक उनके द्वारा विकसित ई–कन्टेन्ट्स को स्वेच्छा से पोर्टल पर अपलोड करना चाहें, उनके नाम और संस्थान के नाम के साथ उनके द्वारा विकसित ई–कन्टेन्ट्स पोर्टल पर शासनादेश में दी गयी व्यवस्था के अनुसार अपलोड किए जा सकेंगे।

3. अनुरोध है कि स्थानीय भाषा में अधिक–से–अधिक संख्या में ई–कन्टेन्ट्स विकसित करने के साथ–साथ यदि वीडियों भी विकसित किए जाएं तो छात्र हित में श्रेयस्कर होगा। उच्च कोटि के वीडियो को शिक्षक/संस्थान की सहमति से कालांतर में दूरदर्शन पर भी प्रसारित कराये जाने पर विचार किया जा रहा है।

भवदीया,

( मोनिका एस.गर्ग )
प्रमुख सचिव।